भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

44 वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2025 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा भावी विमानन का प्रदर्शन।

नई दिल्ली, 14 नवंबर 2025: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 44 वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2025 में उड़ान भरी और "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना की अनुरूप एक नई संकल्पना वाले एक शानदार पवेलियन का अनावरण किया गया । भाविप्रा के स्टॉल ने एक ऐसे शानदार अनुभव की शुरुआत की जो भारत के विमानन में उत्कृष्ट दक्षता, तकनीकी में नए पहलुओं और सतत विकास के विज़न को दर्शाता है।

हॉल 1जी में स्थित भाविप्रा पवेलियन आगंतुको का स्वागत एक शानदार एलईडी आर्चवे से करता है, जो भावी विमानन ग्राफ़िक्स से प्रकाशमय है, जो भारत के बदलते आसमान में एक सुखद यात्रा का माहौल बनाता है। पवेलियन के भीतरी भाग में तकनीकी और रचनात्मक की दुनिया दर्शाई गई है, जिसमें दो एनामॉर्फिक डिस्प्ले वॉल हैं जो पूरे देश में भाविप्रा के बढ़ते नेटवर्क, हवाई अड्डा अवसंरचना और आधुनिकीकरण की उपलब्धियों को जीवंत रूप से दर्शाती है।

इंटरैक्टिव टच कियोस्क की एक सीरीज़ आगंतुको को भाविप्रा की प्रमुख पहलों को देखने के लिए आमंत्रित करती है, जिसमें उड़ान योजना, स्टार्टअप पॉलिसी, एएआई - रूट्स एशिया 2025 और भारत का हवाई संपर्कता मैप शामिल हैं। एक डिजिटल फ्लिप बुक द्वारा हवाई अड्डों की उत्कृष्ट वास्तुकला को रचनात्मक तरीके से दिखाया गया है, जो वास्तव में क्षेत्र की स्थानीय विरासत को बढ़ावा देती है।

इस अनुभव को और भी दिलचस्प बनाने के लिए, भाविप्रा द्वारा विमानन क्षेत्र में रूचि रखने वालों लोगों के लिए एक "एयर क्विज़" और एक एआई-पावर्ड 'सेल्फ़ी ज़ोन' आरंभ किया है, जहाँ आगंतुक पायलट और एटीसी अधिकारियों से लेकर एयर होस्टेस और फ़ायर टेंडर कर्मचारियों तक, विमानन पेशेवरों के डिजिटल अवतार में बदल सकते हैं। एक खास ब्रीफ़िंग ज़ोन छात्रों और मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए अनुभव को और बेहतर बनाता है, जो भाविप्रा की पहल, प्रचालन और भारतीय विमानन के भविष्य के लिए विज़न पर जानकारी प्रदान करने के लिए सत्र आयोजित करता है।

स्टॉल का शोस्टॉपर लाइव एटीसी डेमोंस्ट्रेशन है, जो आगंतुको को रियल-टाइम वायु यातायात संचार और नियंत्रण का एक अनोखा अनुभव प्रदान करता है। भारत के नागर विमानन के विकास को आगे बढ़ाने

वाले सबसे बड़े संगठन के तौर पर, भाविप्रा नवाचार और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहा है। विश्व स्तरीय हवाई अड्डा के निर्माण से लेकर वायु यातायात को प्रबंधित करने और निर्बाध दिक्चालन और निगरानी सशक्त करने तक, भाविप्रा एक आधुनिक, सुरक्षित और संयोजित भारत बनाने में अग्रिम पंक्ति में है।

14 से 27 नवंबर तक होने वाले आईआईटीएफ -2025 में अपनी भागीदारी के माध्यम से, भाविप्रा अपने कामकाज में तकनीक, नवाचार और संधारणीयता को शामिल करने हेतु प्रतिबद्ध है। यह प्रदर्शनी संगठन के उस विज़न को दर्शाती है जिसके अंतर्गत वह विकसित भारत @2047 बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान दे रहा है, जहाँ विकास, संपर्कता और आर्थिक मज़बूती की नींव डालने में विमानन महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी) 011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 11 /2025-26

अहमदाबाद
ADAMPUR
AHMEDABAD
आगरा
AGRA
शिलांग
SHILLONG
LILABARI
केशोद
KESHOD
झारसुगुड़ा
श्रीनगर
SRINAGAR
कोटा
KOTA
तेजू
TEZU
जुहू
JUHU
गुवाहाटी
GUWAHATI
किशनगढ़
KISHANGARH
सिलचर
SILCHAR
जलगांव
JALGAON
हिसार
HISAR
अमृतसर
श्री विजयपुरम
SRI VIJAYA PURAM
VISAKHAPATNAM
KALABURAGI
GOA
AKOLA
JORHAT
HYDERABAD
AZAMGARH
BHOPAL
JABALPUR
LEH
TOILET
PATHANKOT

विमानपत्तन प्राधिकरण
TS AUTHORITY OF INDIA
AHMEDABAD
VADODARA
KOTA
holmatro